>

Title: Need to deploy central forces in Chitrakoot and Banda districts of Uttar Pradesh to check robbery.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के एक बहुत ही गंभीर प्रश्न की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट एवं बांदा जनपद का लगभग 50 प्रतिशत भाग डकैतों के आतंक के कारण बहुत ही बुरी तरह से आतंकित है और वहां आम जनजीवन बहुत ही प्रताड़ित एवं भयभीत है। डकैतों के डर से विकास कार्य भी अवरुद्ध हो रहे हैं। खेतों में पानी तक लगाने के लिए डकैतों को धन देना पड़ता है। जहां हमारा सौभाग्य रहा है कि हमारे चित्रकूट में गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामघाट पर रामायण की रचना की थी। वहीं पर 12 वर्ष भगवान राम रहे थे लेकिन आज वही क्षेत्र डकैतों के कारण बदनाम हो रहा है।

अगर कोई सबसे बड़ा डकैत रहता है तो इस समय वह हमारे ही चित्रकूट जनपद में बांदा में रहता है, जैसे पहले ददुआ रहा है, ददुआ मारा गया तो फिर ठोकिया हुआ। वे दोनों भी प्रदेश के सबसे बड़े डकैत थे। इस समय बलखड़िया डकैत का वहां सबसे ज्यादा आतंक है जो उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा इनामी डकैत है। ऐसे ही तमाम छोटे-बड़े गैंग हैं जो आम जनजीवन को बहुत ही प्रभावित करते हैं। ये आम चुनाव तक को प्रभावित करते हैं। इधर पिछले कई वर्षों से बारी बारी से वहां क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारें रही हैं जो अपने राजनीतिक लाभ के लिए इन्हें संरक्षण देने का काम करती रही हैं। वर्तमान में जो भी वहां सरकार है, उसने डकैतों के बल पर ही वहां उनके भाई व पुत्रों को विधायक, सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने का काम किया है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बस, अब आपकी डिमांड हो गई।

â€¦(व्यवधान)